PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Wed, 24 May 2017, Page 14
Width: 16.65 cms, Height: 17.73 cms, a4, Ref: 33.2017-05-24.102

'तीन साल में एक हजार वैज्ञानिक स्वदेश लौटे'

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने मंगलवार को दावा किया है कि एनडीए सरकार आने के बाद देश में वैज्ञानिक शोध के लिए अच्छा माहौल बना है। इससे विदेशों में बसे भारतीय वैज्ञानिकों की वापसी हो रही है। पिछले तीन सालों में एक हजार वैज्ञानिक स्वदेश लौटे हैं।

सरकार की तीन साल की उपलब्धियां बताने के लिए आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि हमारी सरकार की नीतियों के कारण वैज्ञानिकों की घर वापसी हो रही है। क्योंकि उन्हें शोध और शिक्षण के लिए अच्छे मौके मिल रहे हैं।

डॉ. हर्षवर्धन।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सचिव डॉ. आशुतोष शर्मा ने कहा कि विदेशों से लौटने के इच्छुक वैज्ञानिकों के लिए कई फैलोशिप शुरू की गई हैं। इसके अलावा उन्हें अन्य वैज्ञानिकों को प्रशिक्षण देने, शोध कार्य तथा शोध संस्थानों में नियुक्ति के भी मौके दिए जा रहे हैं।